दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 03 अंक :- 222 मुरादाबाद, 02 December 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

## संक्षिप्त समाचार

### फिरोजाबाद का नया नाम चंद्रनगर ही आखिर क्यों, कैसे जनपद को मिला था मौजूदा नाम? जानें क्या है इतिहास

उत्तर प्रदेश के एक और जनपद का नाम बदलने वाला है। जिला पंचायत द्वारा जारी किए गए प्रस्ताव के बाद नगर निगम द्वारा प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। अब केवल औपचारिकता रह गई है। शासन से निर्देश मिलते ही जनपद का नाम चंद्रनगर हो जाएगा। फिरोजाबाद का नाम चंद्रनगर करने की भाजपा एवं संघ द्वारा काफी समय से मांग की जा रही थी। फिरोजाबाद के बारे में शहर के विद्वान बताते हैं कि 1566 ई. में फिरोजाबाद में राजा चंद्रसेन की रियासत थी और उस जगह को चंद्रनगर कहा जाता है। मुगल शासन से पहले फिरोजाबाद में राजा चंद्रसेन की रियासत थी। जहां राजा चंद्रसेन अपने महल में बैठकर प्रजा की समस्या सुनते थे और उनका समाधान करते थे। ये है इतिहास -1566 ई. में पूर्व जनपद में महाबली राजा चंद्रसेन की रियासत थी। राजा न्यायप्रिय होने के साथ ही प्रजापालक थे। उन्हीं के नाम पर राज्य का नाम चंद्रनगर हुआ करता था, लेकिन एक हादसे ने चंद्रनगर को फिरोजाबाद बना दिया। कहा जाता है कि एक बार पित्रों के आत्मशांति के लिए बादशाह अकबर के दरबारी एवं नवरत्नों में से एक राजा टोडरमल पिंडदान करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान लुटेरों ने उनसे सोने-चांदी के साथ ऊंट आदि लूट लिए। जब राजा टोडरमल ने पूरी जानकारी अकबर को दी तो उन्होंने अपने एक अन्य नवरत्न फिरोजशाह को यहां भेजा। फिरोजशाह ने कार्रवाई करते हुए लुटेरों को परास्त कर दिया। लुटेरों को परास्त करने के बाद उसने यहीं पर अपना निवास बना लिया। मृत्युपर्यंत फिरोजशाह यहीं रहा और उसी के नाम पर चंद्रनगर का नाम फिरोजाबाद हो गया।यहां पर है मकबरा -फिरोजशाह का मकबरा आज भी यहां मौजूद है। वहीं भाजपा सरकार बनने के बाद जब कई जनपदों एवं शहरों के नाम बदले तो फिरोजाबाद के लोगों ने भी फिरोजाबाद का नाम चंद्रनगर करने की मांग शुरू कर दी। पूर्व में जिला पंचायत द्वारा प्रस्ताव पास कर शासन को भेज दिया। वहीं बृहस्पतिवार को नगर निगम द्वारा प्रस्ताव पारित कर चंद्रनगर रखने की बात कही। नगर निगम द्वारा प्रस्ताव पारित होने पर लोगों को भी उम्मीद बंध गई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दुबई दौरा; नीदरलैंड के पीएम और जॉर्डन के राजा से की मुलाकात




विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन सीओपी28 की उच्च-स्तरीय बैठक है। प्रधानमंत्री का तीन अन्य उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। सीओपी28 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात की अध्यक्षता में 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक हो रहा है।पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलना सौभाग्य की बात थी। विभिन्न मुद्दों पर उनका दूरदर्शी नेतृत्व वास्तव में सराहनीय है।दुबई में भारतीय समुदाय के गर्मजोशी भरे स्वागत से बहुत प्रभावित हूं। उनका समर्थन और उत्साह हमारी जीवंत संस्कृति और मजबूत संबंधों का प्रमाण है।PM नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, "COP28 में जॉर्डन के महामहिम राजा अब्दुल्ला द्वितीय से मिलकर खुशी हुई। हमारी चर्चाएं समृद्ध और दोनों देशों की गहरी दोस्ती को प्रतिबिंबित करती रही। हम अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रुटे से मुलाकात की। PM मोदी ने ट्वीट किया, नीदरलैंड के अपने मित्र मार्क रुटे के साथ विचारों का आदान-प्रदान करना हमेशा ताज़गी भरा होता है।" COP28 शिखर सम्मेलन में ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने कहा कि जिस तरह से हम राष्ट्रों को ऊर्जावान बनाते हैं, जिस तरह से हम अपनी अर्थव्यवस्थाओं में सुधार करते हैं,

वह रातोंरात नहीं होने वाला है। इंसान इसी तरह काम करता है। सबसे पहले हम सोचते हैं किसी चीज के बारे में, फिर हम बात करते हैं, फिर हम उसमें अपनी भावनाएं निवेश करते हैं, हम सहमत होते हैं, हम असहमत होते हैं और कहीं न कहीं हम इसे सुधारने के लिए भी काम करते हैं। सीओपी कोई पूर्ण समाधान नहीं है। यह जागरूकता और कार्रवाई दोनों लाने का एक प्रयास है। सीओपी-28 शिखर सम्मेलन, संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के लिए पहुंचे वैश्विक नेताओं ने फैमली फोटो के लिए पोज दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुबई में करीब 21 घंटे के अपने प्रवास के दौरान सात द्विपक्षीय बैठकों में शामिल होंगे।

वे चार भाषण भी देंगे। पीएम मोदी जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्यक्रमों में दो विशेष पहलों में भी भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि विश्व के कई नेताओं के साथ उनके अनौपचारिक बैठकें हो सकती हैं।पीएम मोदी जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र के 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज' के दौरान शुक्रवार को विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसे सीओपी28 के नाम से जाना जाता है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए विश्व के कई नेता जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुबई में करीब 21 घंटे के अपने प्रवास के दौरान सात द्विपक्षीय बैठकों में शामिल होंगे। वे चार भाषण भी देंगे। पीएम मोदी जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्यक्रमों में दो विशेष पहलों में भी भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि विश्व के कई नेताओं के साथ उनके अनौपचारिक बैठकें हो सकती हैं।

## हमारा लक्ष्य अगले 10 वर्षों में 50 फीसदी CM महिलाएं हों, महिला कांग्रेस की रैली में बोले राहुल गांधी



केरल में राहुल गांधी ने कहा कि एकमात्र कमी यह है कि मंच पर पुरुष हावी हैं, जोकि अच्छी बात है, लेकिन अब हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस पार्टी के हर स्तर पर अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी हो। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एर्नाकुलम में उत्साह महिला कांग्रेस के राज्य सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सत्ता में महिला की कमी पर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास महिला मुख्यमंत्रियों की कमी है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लिए एक अच्छा लक्ष्य होगा अगर आज से अगले 10 वर्षों में हमारे पास 50 फीसदी मुख्यमंत्री महिलाएं हों। हमारे पास बहुत कम महिला मुख्यमंत्री हैं। पर मुझे पता है कि कांग्रेस पार्टी में कई महिलाएं हैं, जो एक अच्छी मुख्यमंत्री बन सकती हैं।% राहुल ने आगे कहा कि एकमात्र कमी यह है कि मंच पर पुरुष हावी हैं, जोकि अच्छी बात है, लेकिन अब हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस पार्टी के हर स्तर पर अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी हो।

### महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हो रही हिंसाओं को रोकने में विफल

इससे पहले, केरल के नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीसन ने बताया कि रैली का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करना है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ महिला कांग्रेस के वार्ड स्तर के सभी पदाधिकारी रैली में शामिल होंगे।

हमारी रैली उन सरकारों के लिए चेतावनी है, जो महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हो रही हिंसाओं को रोकने में विफल रही है।

### इन चार परियोजनाओं का किया उद्घाटन


दो दिन पहले, केरल के नीलांबुर ब्लॉक पंचायत में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, ये चार परियोजनाएं लोगों के हित में हैं। पहली- लोगों के लिए एक उपशामक देखभाल, दूसरी आदिवासी प्रसवरोधी गृह परियोजना ( इस योजना का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना ), अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए सामान्य स्वास्थ्य देखभाल परियोजना साथ ही अंतिम परियोजना आदिवासी बच्चों के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल परियोजना है।

## सीएम योगी ने सुनी फरियाद, बोले- जरूरतमंदों के आवास-इलाज का करें इंतजाम, माफिया पर कसें लगाम

सीएम योगी ने मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर जरूरतमंद को उसकी आवश्यकता के अनुसार आवास व इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आपराधिक मामलों में एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही न की जाए और भूमि कब्जाने वाले दबंग, माफिया पर लगाम कसने में तत्परता दिखाई जाए। जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए अधिकारी हर पीड़ित की समस्या का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सीएम योगी में ये निर्देश शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला को पीएम आवास योजना या सीएम आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कई महिलाएं अपने परिजनों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा सुनते हुए आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं। सीएम ने इस दौरान यह भी हिदायत दी कि अधिकारी हर जरूरतमंद का आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनवाना भी सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में जमीन कब्जा करने की आई शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा और पढ़ने के लिए प्रेरित किया।



## बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ चक्रवाती तूफान मिचौंग, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है, जिसके अगले दो दिनों में चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि 4 दिसंबर की शाम तक यह चक्रवाती तूफान मिचौंग आंध्र प्रदेश में माचिलीपत्तनम और चेन्नई के तट से टकरा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का जो क्षेत्र बन रहा है, उसका केंद्र चेन्नई के समुद्र तट से 800 किलोमीटर, माचिलीपत्तनम से 970 किलोमीटर, आंध्र प्रदेश के ही बापातला से 990 किलोमीटर और पुडुचेरी के तट से 790 किलोमीटर दूर समुद्र में स्थित है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह चक्रवाती तूफान पश्चिम और उत्तर पश्चिम की तरफ बढ़ रहा है और 2-3 दिसंबर तक इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम और उत्तर पश्चिम दिशा की तरफ बढ़ रहा है और 2-3 दिसंबर तक इसके चक्रवाती तूफान मिचौंग में बदलने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग ने मिचौंग तूफान के चलते तमिलनाडु के तटीय इलाकों, पुडुचेरी और कराइकल में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 3 दिसंबर से लेकर 4 दिसंबर तक 204 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है।

### इन इलाकों में हल्की बारिश के आसार

चक्रवाती तूफान का ओडिशा में कोई प्रभाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान के असर से ओडिशा में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और बिजली कड़कड़ाने की घटनाएं हो सकती हैं। इनमें मलकानगिरी, कोरापुट, नाबारंगपुर, रायगढ़, कालाहांडी, कंधमाल आदि इलाके शामिल हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों और रायलसीमा इलाके में भारी बारिश हो सकती है।

## अनुपूरक बजट पर अखिलेश बोले- जब पिछले बजट का 65% खर्च नहीं हुआ तो सप्लीमेंट्री बजट क्यों?



उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज चौथा और आखिरी दिन है। सदन में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव नें यूपी सरकार पर हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि जब पिछले बजट का लगभग 65त्न पैसा खर्च नहीं हुआ है तो अुपूरक बजट क्यों चाहिए? अनुपूरक बजट पर अखिलेश ने कहा कि जब सरकार खर्च नहीं कर पा रही है तो ये अनुपूरक बचट क्यों? सबसे महत्वपूर्ण विभागों में पैसा पड़ा हुआ है। कई विभागों में पैसा ही खर्च नहीं हुआ है। ये सरकार विजनलेस है, इनका बजट दिशाहीन है। अनुपूरक बजट पर अखिलेश ने कहा कि जब सरकार खर्च नहीं कर पा रही है तो ये अनुपूरक बचट क्यों? सबसे महत्वपूर्ण विभागों में पैसा पड़ा हुआ है। कई विभागों में पैसा ही खर्च नहीं हुआ है। नया बजट भी आएगा। ये सरकार विजनलेस है, इनका बजट दिशाहीन रहा है। जो कहा वो नहीं किया, ये भाजपा का असली नारा होना चाहिए। भाजपा ने कहा था कि वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बना देंगे। इसके लिए 34 प्रतिशत की ग्रोथ रेट चाहिए। अगर आप 65 प्रतिशत खर्च नहीं करेंगे और अनुपूरक बजट ले लेंगे। कुछ महीने हैं आपके पास तो आप कैसे अचीव करेंगे। इस सरकार का दोहरा चरित्र है, कहती कुछ है और करती कुछ है। यह सरकार डींग मारने में आगे है। अखिलेश ने आगे कहा कि इन्होंने समार्ट सिटी का सपना दिखाया था। क्या इस अनुपूरक बजट में स्मार्ट सिटी का कहीं स्थान है। मुझे तो यह लगता है कि पहले का पांच साल का कार्यकाल और दो साल इसके भी पूरे होने वाले हैं। लगता है कि अब स्मार्ट सिटी नहीं बन पाएगी। यह विकास गति को रोकने वाली सरकार है ये। जब इनपर खर्च ही नहीं हो रहा है तो फिर इतना बड़ा बजट क्यों चाहिए। जब आपकी दूसरे राज्यों की अर्थव्यवस्था से तुलना होती है तो उसमें उत्तर प्रदेश 18वें स्थान पर है।

## संपादकीय Editorial

### Organization of new resolutions

Strengthening the basis of his priorities, Himachal Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu is trying to follow the footsteps of good governance. For this purpose, targets for the work of the Revenue Department have been set and the upcoming revenue courts will be organized to prove to what extent the government is able to free the files from the land hurdles. At least an environment is being created, but to change the trend, it is necessary to inspect the last mile. Often big announcements create a buzz in the capital, but in the field the tears of the society dry up in the wait. Even before this, the Dhumal government had run a guarantee scheme for administrative works, but where the threads are loose, there will be a need for major changes. However, tehsil level revenue courts are a message of relief for the victims and if they start working continuously, then the parameters of success will also be established. The Chief Minister is documenting his resolve to give Hamirpur Medical College the title of National Cancer Institute and this can also be a pleasant aspect of the medical field, but at the same time there is a need for that inspection and testing which shows the autocratic spirit under the cloak of announcements. We are becoming increasingly careless towards basic facilities. Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu had promised to streamline the emergency services of the state as soon as he came, but the feet of reality are still lost. We are roaming around in the circles of health services and the patients fed up with these end up taking shelter in private hospitals. Death in hospitals is a story that can be saved from tragedy if the emergency services work day and night with this spirit. After the establishment of medical colleges, the emergency structure of the lower level i.e. regional, zonal and civil hospitals has become weak. These institutions have become mere sources of reference. Here the emergency sends the same ambulance back to the medical college. District level hospitals are neither treating the emergency patients as in-patients, nor are they able to provide complete medical advice to the attendants. Even if we put medical institutions on the scale of national medicine, the intention will have to change to develop an alert and efficient system to save lives at the hands of death. Continuous efforts will have to be made to create the environment expected within the health department buildings. Himachal Government is expressing its intention to increase the facilities from tourism point of view and in this context, the outline of heliport development is being made. The Chief Minister wants to add many colors to the tourism map, but for this, the basic principles of the schemes should also be linked to establish coordination between every department and ministry. In Himachal, a new pattern of coordination will have to be developed between the departments of electricity, water power, PWD, forest, tourism, transport, language-culture and public relations. By linking tourism with hydro power policy, we can show the uniqueness of Himachal and small check dams and irrigation projects can be linked with tourism attractions. From the point of view of highway tourism, all the road ends can add rest facilities for tourists in their role. Urban and rural development departments should work with local bodies to enhance tourism facilities, while maximum utilization of MNREGA scheme can be linked to various aspects of tourism infrastructure. However, the state government has started thinking in the direction of tea tourism. In the last decade, the state of Assam has offered variety of tea tourism packages full of entertainment and relaxation to the tourists and similarly new attractions can be created in Kangra and Mandi areas of Himachal.

# 365 days: G20 presidency and new beginning, the next chapter after our achievements

During our presidency, India has achieved extraordinary achievements: it revitalized multilateralism, raised the voice of the Global South, championed development, and fought for the empowerment of women everywhere. Today 365 days have been completed. This is a moment to reflect on the spirit of Vasudhaiva Kutumbakam, recommit to it and bring it to life. When India got this responsibility last year, the world was grappling with various challenges like efforts to recover from the Covid-19 pandemic, growing climate threats, financial instability and debt crisis in developing countries. Apart from this, weakening multilateralism was making these challenges more serious. After becoming the President of G-20, India presented to the world a vision of human-centric progress by moving beyond GDP-centric thinking. India attempted to remind the world what unites us. Ultimately, these efforts of India bore fruit, the global dialogue advanced and the aspirations of many countries were given importance over the limited interests of a few. Inclusive, ambitious, action-oriented and decisive – these four words define India's vision as Chair of the G-20. The New Delhi Leaders' Declaration (NDLD), adopted unanimously by all G-20 members, is a testament to our commitment to act on these principles. The spirit of inclusion has been at the center of our presidency. The inclusion of the African Union (AU) as a permanent member of the G-20 brought 55 African countries into the group, expanding its reach to 80 percent of the global population. The 'Voice of the Global South Summit', the first meeting of its kind organized by India, marked a new beginning in multilateralism. This has ushered in an era where developing countries will get a fair opportunity to decide the direction of the global narrative. Due to inclusivity, the impact of India's domestic approach was also visible in G-20. The G-20 reached out to 1.4 billion citizens through 'people's participation' programs and included all states and union territories as partners in the process. India ensured that the international community's focus on key issues was directed towards broader development goals in line with G-20 obligations. Keeping in mind the 2030 Agenda, India presented the G-20's 2023 Action Plan to accelerate the Sustainable Development Goals (SDGs). For this, India adopted a comprehensive approach on interrelated issues including health, education, gender equality, environmental sustainability. Through the G-20, we successfully completed the Digital Public Infrastructure Repository, an important step forward in global technical cooperation. Containing more than 50 DPIs from a total of 16 countries, the repository will help the Global South create, adopt and disseminate DPIs to harness the power of inclusive growth. In the spirit of 'One Earth', we unveiled ambitious and inclusive goals to drive immediate, lasting and equitable change. In this roadmap, employment and eco system complement each other. The declaration further outlines our commitment to climate justice and equity, for which the Global North has been requested to provide adequate financial and technical support. For the first time, the need for a massive increase in the total amount of development financing, from billions of dollars to trillions of dollars, was acknowledged. The G-20 recognized that developing countries need $5.9 trillion to meet their Nationally Determined Contributions (NDCs) by 2030. Given the need for so many resources, the G-20 placed special emphasis on the importance of a better, larger and more effective Multilateral Development Bank. At the same time, India is playing a leading role in implementing reforms in the United Nations, especially the restructuring of key institutions such as the UN Security Council, which will ensure a more equitable global order. Gender equality was placed at the center of the New Delhi Declaration, which will culminate in the formation of a special working group on the empowerment of women next year. India's Women's Reservation Bill, 2023, which reserves one-third of the seats in India's Lok Sabha and state legislatures for women, symbolizes our commitment to women-led development. The New Delhi Declaration embodies a new spirit to ensure cooperation on these key priorities, focused on policy clarity, credible trade and ambitious climate action. It is a matter of great pride that during our Chairmanship the G-20 achieved 87 outcomes and adopted 118 documents, which is significantly higher than in the past. During our Chairmanship of the G-20, India led wide-ranging discussions on geopolitical issues and their implications for economic growth and development. Terrorism and killing of civilians is completely unacceptable, and we must deal with it by adopting a zero-tolerance policy. We have to go beyond hostility and embrace humanism and reiterate that this is not an era of war. I am extremely pleased that India has made extraordinary achievements during our presidency: It has made significant progress in multilateralism. Breathed new life, raised the voice of the Global South, championed development, and fought for the empowerment of women everywhere. As we hand over the Presidency of the G-20 to Brazil, we do so with the confidence that our collective actions for all people, for the planet, for peace and prosperity will continue to reverberate for years to come.

# When the voices of concern are weak, the poems of 'Vidrohi' speak like a crowd.

Life seeks stability. The poet chose impermanence. Remained homeless, every night the door remained his home. Wherever evening comes, wherever one falls asleep, there should be home. He lived his life like this. Rama Shankar Yadav's name faded away and he became a rebel, a poet rebel and a poet of rebellion. Everyone knew him by this name. If Logbag had come to JNU, they would have searched for him by this name. If the rebels had gone somewhere for some time, JNU would have searched for them by this name. This was his home. He would stand at the required time like a necessary word in the empty spaces of the dhaba here and all the places here. If there were less people in the fight, his poems would have started speaking like a crowd. The stones of JNU had become accustomed to the marks on his back which may still be there. One winter day he went to the city to fight a fight with the students and when he returned, he found her dead body. He became silent while murmuring the poem… That was the same evening of December 3 years ago. While raising some slogans and murmuring some poetry, he suddenly became silent. Right there, in the middle of the city and the crowd of procession. He was a rebel from the methods of poetry to life itself. He was not a writer of poems, he was a weaver poet who used to weave poems within himself and recite them from time to time. A poet who has nothing written but has said everything. Other people wrote what he had said and gave the title of his only book as 'Nayi Kheti'. The rebels were like an image in human form. Giving different meaning to understand everyone, shabby in life and dress, and a strong folk poet within him. Putting a full stop to those who recognize the man by the clothes. Giving some other meaning of human identity. They gave a way to understand the human being and search for him from within. To be left out among countless names is to be a poet... which is in the language of that person, which is in his style of living. His name was left out among the names of poets. From critics and also from the masters of literature. To be left out among countless names is to be his poet. A poet of a different path, a poet going towards the footpath. People say that he left his studies incomplete. Whereas till the last moment, the fight for the country and Delhi remained his study. Processions, slogans, crowds and ceremonies were his books. He was a partner in the fight for change. After everyone else's talk, he would finally express his views, say them loudly and this would be his poetry. In which it would be limited from history to present. The history that has not been written. Which was erased every time instead of being written. He kept narrating the same erased thing. Kept telling history in poetry. While talking about saving themselves, they talk about saving a sense of history, a civilization. He writes that - You all those people together save me with the mortar of whose blood pyramids, minarets and walls were built, because saving me is like saving the woman whose dead body is lying on the last step of the pond of Mohenjodaro. Saving me is saving that person. Whose bones are scattered in the pond, save me, save my ancestors, save me, save my children, you save me! I am your poet, I am a farmer, sowing paddy in the sky. To save this is to save that society in history, which is creating the world and itself is continuously dying. Whose creation is destined to become history, is the creation of history but has been banished from there. This is a consciousness that the rebels raise in many of their poems to testify for the working people. His poems asked questions, argued and provided answers. Just as his life was a life of breaking the established beliefs, in the same way in his poems he used to break the false beliefs through questions and arguments. He used to argue with religion, used to insist on it in the language of rebellion, in the poem Nai Kheti he says - I am a farmer, I am sowing paddy in the sky. Some people are saying that you crazy person does not get paddy in the sky. I say that Gaggle-Goggle If God can freeze on the ground, then even the paddy can freeze in the sky…Who will be the last woman in the future, they would thus ask. He used to argue the question and turn the argument into stubbornness, stubbornness is the root of the end of his poetry. Which is visible in both his life and poetry. We can see this same stubbornness along with logic at the end of one of his poems, 'Aurat', which he used to recite often. Which he used to say with the help of question - I don't know who was the first woman in history who was burnt first. But whoever it may have been my mother, but my concern is that in the future, who will be the last woman to be burnt, I don't know. But whatever happens, it will be my daughter and I will not let it happen, this stubbornness is rebellion. To stand firm on their point through arguments is to be rebellious. Even in one of his poems 'The Last Night of the Last Century' he writes – O my God! Now enough is enough, leave the way for man, I am a culprit, punish me, you cut my throat, break my head, saw the earth, gazed at the sky… Vidrohi also wrote some poems in Awadhi. Whose subjects were the people of Awadh and the people of Awadh. While explaining about the land, Birha and surrounding areas. This was his own country, whose patriotism he understood very well and continued to narrate. While speaking in Hindi, he would start reciting Awadhi. Along with these arguments, he would poetry the question in simple colloquial language. They would respond and their hopes also remained the same. Where there are people, where everyone is thinking about something together. Everyone is solving the questions together Are. In his poem 'Koi Raah Nikal Aayegi', he narrates that - I saw the earth, looked at the sky, did not find any support, then thought that we will go to the market, we will know the sentiments. Nothing will happen, people will meet, there will be vision of four punches, four punches will think together, some way will be found.

# घुड़सवारी प्रतियोगिता के पहले राउंड टेंट पेगिंग में मुरादाबाद टीम का दबदबा





मुरादाबाद- अन्य टीमों के घुड़सवारों का भी रहा शानदार प्रदर्शन, टेंट पेगिंग में कुल 27 घुड़सवारों में 11 ने भेद दिया लक्ष्य उत्तर प्रदेश डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी के मैदान पर शुरू हुई 25वीं वार्षिक उत्तर प्रदेश पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता की मार्च पास्ट में सलामी लेते एडीजी अमित चंद्रा उत्तर प्रदेश डॉ. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी के पर्यावरण मैदान पर घुड़सवारी प्रतियोगिता के प्रारंभ में घुड़सवारों ने भाले से टेंट पेगिंग, व्यक्तिगत एलिमिनेशन का शानदार प्रदर्शन किया।

इसमें कुल 27 घुड़सवारों ने हिस्सेदारी की। जिसमें 16 घुड़सवार टेंट पेगिंग में ही बाहर हो गए। ये लोग जमीनी लक्ष्य को भाले से भेदने में असफल रहे, जबकि अन्य 11 घुड़सवारों ने लक्ष्य को भेदकर शानदार प्रदर्शन किया। इनमें भी मुरादाबाद पुलिस अकादमी प्रशिक्षण जोन की टीम का दबदबा देखने को मिला। इस टीम के कप्तान भगवती प्रसाद ने भी जोरदार प्रदर्शन दिखाया और टेंट पेगिंग के पहले राउंड में लक्ष्य को भेद दिया। इनकी टीम के राज नरेश, वीर सिंह, मुकेश बाबू, विजय सिंह ने भी पहले राउंड में टेंट पेगिंग को फाइनल कर लिया था। इसी तरह अलीगढ़ टीम के कप्तान प्रतिसार निरीक्षक एमपी (घुड़सवार) कमलेश कुमार ने टेंट पेगिंग के प्रथम राउंड में ही सफलता पा ली। इनकी तरह बरेली के कप्तान प्रतिसार निरीक्षक एमपी अशोक कुमार, तरुण सांगवान व हिमांशु कुमार ने भी टेंट पेगिंग के प्रथम राउंड में जमीनी लक्ष्य को भेदकर खूब तालियां बटोरी।

कानपुर जोन के कांस्टेबल मोहित राणा, लखनऊ टीम के कप्तान चंद्रमा यादव व कांस्टेबल सत्यम सिंह, मेरठ टीम के कांस्टेबल अजय सिंह ने भी टेंट पेगिंग के पहले राउंड में सफलता अर्जित कर ली। शुक्रवार सुबह नौ बजे से पुलिस अकादमी में शुरू हुई 25वीं वार्षिक उप्र पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता-2023 का शुभारंभ अकादमी के निदेशक एवं प्रतियोगिता आयोजक अपर पुलिस महानिदेशक अमित चंद्रा ने किया। मुख्य अतिथि ने पहले घुड़सवारों की मार्च पास्ट की सलामी ली। फिर आसमान में गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का आगाज कराया। भाले से टेंट पेगिंग कर प्रतियोगिता शुरू हुई। टेंट पेगिंग में घुड़सवारों को जमीनी लक्ष्य भेदने के लिए तीन-तीन अवसर दिए गए। इस दौरान कुछ एक घुड़सवारों ने पहले राउंड में ही जमीनी लक्ष्य को भेद दिया, जबकि अन्य लोगों को अवसर दिए गए। इस प्रतियोगिता में सात जोन की टीम में प्रतिभाग कर रही है। इनमें लखनऊ, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, कानपुर, मेरठ और कानपुर की टीम में शामिल है।

# स्काउट गाइड की गतिविधियों को और बेहतर करने पर ध्यान जरुरी, डीएम ने दिया निर्देश




मुरादाबाद- जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भारत स्काउट गाइड जिला संस्था की जिला परिषद की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि संस्था ने यदि अच्छा कार्य किया है तो इसको और ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा। स्काउट गाइड के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को इस साल जनवरी से जून तक स्काउट गाइड की गतिविधियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने स्कूल और कॉलेजों में निरंतर स्काउट गाइड की गतिविधियां कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को स्काउट गाइड द्वारा की जा रही गतिविधियों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि स्काउट गाइड की गतिविधियों को और बेहतर बनाने के लिए ध्यान देने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित मुशायरा ग्राउंड के पास महिला कल्याण विभाग की बिल्डिंग में उनके नवीन स्काउट गाइड कार्यालय का निरीक्षण किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाबचंद, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अरुण कुमार दुबे, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार गंगवार, प्रधानाचार्य मधुबाला त्यागी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भारत स्काउट गाइड के जिला संस्था के जिला परिषद की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

# हत्यारोपी ने जिला अस्पताल में फंदा लगाकर दी जान, दो दिन पहले दोस्त का किया था मर्डर, पुलिस को थी तलाश



मुरादाबाद- अमरोहा के नौगांवा सादात में मोहम्मद फाजिल हत्याकांड के नामजद आरोपी मुस्लिम अब्बास ने जिला अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में इलाज के दौरान फंदे पर लटक कर जान दे दी। जिस समय मुस्लिम अब्बास ने सुसाइड किया उस समय उसका बहनोई अफजल मौके पर मौजूद था। बहनोई को नींद की झपकी आते ही मुस्लिम अब्बास ने आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले फाजिल हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुस्लिम अब्बास ने जिला अस्पताल में आत्महत्या कर ली है। जिस समय यह घटना हुई उस दौरान उसका बहनोई मौके पर था। पूरी घटना की जांच हो रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। तड़के दो डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बाद में शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। नगर पंचायत कर्मचारी मोहम्मद निहाल के बेटे मोहम्मद फाजिल की उसके दोस्त मुस्लिम अब्बास ने सोमवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देकर मुस्लिम अब्बास खुद और फाजिल पर कुछ लोगों के हमले की झूठी कहानी बताते हुए मेरठ अस्पताल में भर्ती हो गया था। मुस्लिम अब्बास ने घर पहुंचकर जानकारी दी कि वह फाजिल के साथ सोमवार शाम अमरोहा जा रहा था। रास्ते में कुछ लोगों ने उन दोनों पर चाकुओं से हमला कर दिया। वह घायल अवस्था में किसी तरह वहां से भाग गया। यह जानकारी देकर मुस्लिम अब्बास अस्पताल में भर्ती हो गया। इसके बाद परिजनों ने फाजिल की तलाश शुरू की तो मंगलवार सुबह उसका शव बसतापुर कला नगर रोड स्थित गोशाला के पास झाड़ियों में पड़ा मिला था। उसके सीने और सिर में गोली लगी थी। मृतक के पिता का रुपये के लेनदेन के विवाद में मुस्लिम अब्बास पर फाजिल की हत्या करने का आरोप लगाया था। अभी पुलिस मुस्लिम अब्बास और मोहम्मद फाजिल के फोन की कॉल डिटेल और लोकेशन निकल रही थी। पुलिस को हत्या से जुड़े कई अहम सुराग मिल गए थे। नामजद आरोपी मुस्लिम अब्बास को उसके बहनोई अफजल व परिजन मेरठ से अमरोहा लेकर आए। बाद में उसके परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया। बृहस्पतिवार की रात मुस्लिम अब्बास के पास अस्पताल में उसका बहनोई मौजूद था। आधी रात के समय जैसे ही बहनोई अफजाल को नींद आई तभी मुस्लिम अब्बास ने अपने मफलर से खिड़की के सहारे फंदे पर लटक कर जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। शुक्रवार की तड़के दो डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया था। जिसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सीओ अंजलि कटारिया में बताया कि मुस्लिम अब्बास फाजिल हत्याकांड का नामजद आरोपी था। उसका मेरठ में इलाज चल रहा था। बृहस्पतिवार को उसके परिजन मेरठ से अमरोहा लेकर आए थे और जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था। रात में जिस समय मुस्लिम अब्बास ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या की उस समय उसका बहनोई अफजल वार्ड में मौजूद था। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# दस दिसंबर तक बदले मार्ग से चलेंगी छह ट्रेनें, इंटर लॉकिंग के कारण यात्रियों को होगी परेशानी

मुरादाबाद- सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि लखनऊ मंडल के पटरंगा-रौजागांव-रुदौली रेलखंड में 10 दिसंबर तक इंटरलॉकिंग होगी। इसके चलते मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। लखनऊ मंडल के पटरंगा-रौजागांव-रुदौली रेलखंड में 10 दिसंबर तक इंटरलॉकिंग होगी। इसके चलते मुरादाबाद




मंडल से गुजरने वाली दून, किसान, सियालदह व अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस समेत छह ट्रेनें तीन से 10 दिसंबर तक बदले मार्ग से चलेंगी। इसके कारण सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि (13009) हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस तीन से नौ दिसंबर तक वाराणसी-मां वेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ होकर चलेगी। (13010) योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा एक्सप्रेस तीन दिसंबर से नौ दिसंबर तक लखनऊ-मां वेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-वाराणसी होकर चलेगी। (13307) धनबाद-फिरोजपुर केंट एक्सप्रेस तीन से नौ दिसंबर तक वाराणसी-मां वेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ होकर चलेगी। (13308) फिरोजपुर केंट-धनबाद एक्सप्रेस तीन से नौ दिसंबर तक लखनऊ-मां वेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-वाराणसी होकर चलेगी। (15934) अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस आठ दिसंबर को लखनऊ-मां वेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-वाराणसी होकर चलेगी। (15623) भगत की कोठी-कामख्या एक्सप्रेस पांच दिसंबर को लखनऊ-मां वेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-वाराणसी होकर चलेगी। (13151) कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस तीन से नौ दिसंबर तक जाफराबाद-सुल्तानपुर-लखनऊ होकर चलेगी। (14650) अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस चार, छह व नौ दिसंबर को लखनऊ-बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-छपरा होकर चलेगी।

# जुर्माने के बाद भी बुध बाजार में चल रहे काम में तेजी नहीं, अब कंपनी का अनुबंध निरस्त करने की तैयारी

मुरादाबाद- अधिकारियों ने बताया कि बुध बाजार में स्मार्ट सिटी के तहत कार्य चल रहा है। इसकी रफ्तार बेहद सुस्त है। इसकी शिकायत कारोबारी कई बार कर चुके हैं। अब तक बाजार क्षेत्र से बिजली के तार उतारने तक का काम नहीं हो पाया है। मंडलायुक्त और नगर आयुक्त द्वारा चार बार कड़े निर्देश दिए जाने, एक बार जुर्माना लगाने के बाद भी बुध बाजार में काम में तेजी न लाने वाली रिलायंस इलेक्ट्रिकल्स कंपनी का अब कांट्रैक्ट निरस्त होगा। नगर आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी के सीईओ संजय चौहान ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड की प्रगतिशील परियोजनाओं से संबंधित कार्यदायी एजेंसी, वेंडरों के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता यूपीपीवीएनएल को दे दिए हैं। समीक्षा में पाया गया कि संबंधित कंपनी द्वारा चार नवंबर से बुध बाजार में बिजली के तार उतारने का काम ठप बंद रखा है, जिसकी वजह से न सिर्फ स्मार्ट रोड नेटवर्क का काम प्रभावित है, बल्कि व्यापारियों को भी परेशानी हो रही है। पीलीकोठी स्थित कैंप कार्यालय पर हुई बैठक में नगर आयुक्त ने स्मार्ट सिटी के स्मार्ट रोड नेटवर्क कार्य की समीक्षा की। नगर के अन्य क्षेत्रों में पॉवर सप्लाई स्काडा परियोजना के अंतर्गत मैसर्स रिलायंस इलेक्ट्रिकल द्वारा बिजली पोल की शिफ्टिंग और तारों को अंडरग्राउंड करने का काम काफी धीमी गति से शुरू से किया गया। मंडलायुक्त द्वारा दो बार की गई समीक्षा और नगर आयुक्त द्वारा चार बार की गई समीक्षा में दिए गए निर्देश का भी पालन कंपनी ने नहीं किया। जिसकी वजह से बुध बाजार के व्यापारियों व शहर के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभाग और शासन की भी क्षवि भी खराब हो रही है। अब चार नवंबर 2023 से कंपनी का काम भी बंद है। इससे अन्य कार्य भी पिछड़ रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ने यूपीपीवीएनएल के



अधीक्षण और अधिशासी अभियंता को विभागीय उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए कंपनी का कांट्रैक्ट समाप्त करने तथा किसी अन्य एजेंसी से शेष काम कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने स्मार्ट सिटी के मुख्य अभियंता और अर्बन प्लानर को निर्देश दिए कि स्मार्ट रोड नेटवर्क अंतर्गत नगर की वह सड़कें, जहां पर यूपीआरएनएनएल द्वारा स्मार्ट रोड नेटवर्क परियोजना का कार्य तथा यूपीपीवीएनएनएल द्वारा पॉवर सप्लाई का कार्य किया जाना है, उसको चिह्नित करते हुए दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित करें।

## एक्सपर्ट प्रतिदिन निरीक्षण कर भेजेंगे रिपोर्ट

बैठक में नगर आयुक्त ने स्मार्ट सिटी के एक्सपर्ट को निर्देश दिया कि वह मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की धीमी प्रगति वाली परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण प्रतिदिन कर अपनी रिपोर्ट जीओ टैग फोटोग्राफ समेत स्मार्ट सिटी के मुख्य अभियंता के माध्यम से भेजेंगे। इसके लिए 15 दिन का रूट चार्ट भी शुक्रवार को बनाकर देंगे।

## विवादित नाले की नाप के लिए एक को जाएगी टीम

बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य अभियंता एके मित्तल ने बताया कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम के कार्य के दौरान कुछ स्थानों पर नाले के निर्माण में भूमि को लेकर विवाद हो रहा है। नगर आयुक्त ने इस संबंध में एसडीएम सदर से बात की। जिस पर एक दिसंबर को स्थल पर मार्किंग के लिए टीम भेजने का आश्वासन दिया।

## स्ट्रीट लाइट लगाने वाली एजेंसी को चेतावनी

स्ट्रीट लाइट स्काडा परियोजना का कार्य कर रही एजेंसी मै. ईईएसएल की प्रगति काफी धीमी पाई गई। सहायक अभियंता जल कल बीआर अशोक को निर्देश दिया गया कि वह एजेंसी को इसके लिए पत्र जारी करें। उसमें इस आशय का उल्लेख भी करें कि इसके लिए कोई अतिरिक्त समयवृद्धि नहीं की जाएगी। एक सप्ताह में सुधार न होने पर एजेंसी का कांट्रैक्ट निरस्त कर अवशेष कार्य किसी अन्य एजेंसी से कराने पर भी विचार किया जाएगा।

## बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

नगर आयुक्त द्वारा ली गई बैठक में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी एके मिश्रा, मुख्य अभियंता एके मित्तल, अपर परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि. के डीएस राणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल मुनीष चोपड़ा, अधिशासी अभियंता ईयूडीडी-प्रथम शैलेंद्र गौतम, परियोजना प्रबंधक सुबोध कुमार आदि मौजूद रहे

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# शांति कुंज से आई टोली को हिन्दूवादी नेता राजू आर्य के नेत्रत्व में गायत्री परिजनों ने पुरूस्क्रत कर दी विदाई



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- अखिल विश्व गायत्री परिवार ट्रस्ट मण्डल एटा के बैनर तले जेल रोड लालपुर स्थिति गायत्री धाम पर मंगलवार 28 नबम्बर से भव्य कलश यात्रा के साथ ही प्रारम्भ किया गया 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आज शुक्रवार को सामूहिक मंत्रोजाप ,विभिन्न संस्कार व पूर्णाहुति के पश्चात भव्यतम रूप से समापन हो गया ! हिन्दूवादी किसान नेता राजू आर्य व निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप के नेत्रत्व में गायत्री परिजनों ने शांति कुंज हरिद्वार से आयी पांच सदस्यों की टोली को पुरूस्क्रत कर विदाई दी गयी ! इस अवसर पर प्रखर हिन्दूवादी किसान नेता राजू आर्य ने कहा कि हवन व यज्ञ करने से जहां प्रदूषंण शुद्ध होता है वहीं दैवीय शक्तियों के आव्हान करने पर व्यक्ति का मन व आत्मा भी पूर्णतः शुद्ध हो जाती है ! निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप ने कहा कि शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं.श्री राम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा के सुक्ष्म संरक्षण से साधना को बल प्राप्त होकर यज्ञ में पूर्णाहुति प्रदान कर व प्रज्ञापुराण कथा के श्रवण करने से कुरीतियों का जहां विनाश होता है तो वहीं व्यक्ति के आध्यात्मिक जीवन में एक नया सवेरा आता है ! इस अवसर पर हरीशंकर शर्मा , सत्यदेव उपाध्याय राजकुमार पाठक , रामप्रकाश तिवारी , संतोष शर्मा, श्रीमती ओमलक्ष्मी , शिवानी प्रियदर्शनी , श्रीमती निक्की कश्यप , श्रीमती राजेन्द्री यादव , श्रीमती सरला चौहान ,श्रीमती विमलेश कश्यप , श्रीमती सरला गुप्ता, श्रीमती बबीता गुप्ता ,श्रीमती ब्रजलता, देवांश वर्धन , रविदत्त उपाध्याय , सुशील कुमार रिटायर्ड प्रिसींपल , बदन सिहं यादव ,सुभाष चन्द्र मिश्रा,हेमेन्द्र सिहं तोमर , मुनेन्द्र दीक्षित ,उमेश शिरोमणि,वीरेन्द्र सिहं तोमर ,होतीलाल ,कांता प्रसाद शर्मा ,सुरेन्द्र कुलश्रेष्ठ सहित सैकडो गायत्री परिजन मौजूद रहे !

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने जिले में यातायात नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉटो की स्थिति एवं उन पर किये जाने वाले सुधारात्मक कार्य तथा नवीन ब्लैक स्पाट्स हेतु चिन्हांकन किया जाए एवं दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाये।उन्होने निर्देश दिया कि जनपद के समस्त विभागों/निकाय/निगम आदि में संचालित जनपद में सड़क दुर्घटना को कम करने हेतु कार्ययोजना बनाकर आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सके। शहर के प्रमुख मार्गो पर सड़क सुरक्षा चिन्हों का बोर्ड/संकेतांक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टिंग( कलर ), रंबलिंग स्ट्रिप बनाये जाएं। मार्गो के मोड़ पर, डिवाइडर व सड़क के किनारे पेड़ों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाए, जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सके।अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बड़े वाहनों में क्षमता से अधिक व्यक्तियों को बैठाकर उनका संचालन न किया जाए, इसका ध्यान रखा जाए। नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही की जाए। दो पहिया चालक व पीछे बैठने वाले व्यक्तियों द्वारा निर्धारित मानक के हेल्मेट का उपयोग न करने पर तथा चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट का उपयोग न करने वालों पर कार्यवाही की जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में तुरंत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। जिससे गोल्डेन आवर ( दुर्घटना से 01 घण्टा ) में घायलों को उचित इलाज मिल सके। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को स्वैच्छिक रूप से मदद करने वाले व्यक्तियों ( गुड सेमिरिटन ) को पुरस्कृत किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने आईरैड ऐप से जुड़े सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शत-प्रतिशत डाटा फीड समय से कराये जाने का निर्देश दिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ पर लगे गंभीर आरोप


क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ पर लगे गंभीर आरोप जिलाधिकारी से मिला पीड़ित पीड़ित ने कहा - अगर मेरे व उसके परिवार के साथ हुई अनहोनी तो इसके जिम्मेदार होंगे अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ पर उचित दर विक्रेता से दुकान चलाने के एवज में 50000 मांगने का आरोप रुपए न देने पर अपने पालतू गुंडे हरीश उर्फ टिन्नी के पुत्र द्वारा उचित दर विक्रेता को झूठी शिकायतें करके प्रताड़ित किया जा रहा है विधायक पर अपने गुर्गे के माध्यम से लगभग 25 कुंतल खाद्यान्न चोरी करवाने का आरोप उचित दर विक्रेता के पुत्र पर विधायक के पालतू गुंडे हरीश उर्फ टिन्नी के पुत्र ने जानलेवा हमला कर किया घायल तहसील अलीगंज के खाद्य एवं पूर्ति विभाग के कार्यालय में 2 माह से अवैध रुप से बैठा रहता है न्यायालय से फरार वारंटी अपराधी गुंडा हरीश उर्फ टिन्नी एवं उसका पुत्र अनुकूल

# अप्राकृतिक कृत्य से तीन निराश्रित गौवंश की मृत्यु


क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा- मारहरा ब्लॉक के खोजपुर गाँव में माधव सिंह पुत्र डालवीर सिंह के अप्राकृतिक कृत्य से तीन निराश्रित गौवंश की मृत्यु हुई इसके अतिरिक्त दो गौवंश गंभीर रूप से घायल भी हुए। गौभक्तों ने विश्व हिन्दू परिषद के गौरक्षा विभाग को जानकारी दी की गाँव खोजपुर में माधव सिंह द्वारा खेत की बाड़ में विधुत करंट दौड़ाने के कारण तीन गौवंश की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी मिलते ही गौरक्षा विभाग के प्रान्त अंध्यक्ष श्री अरविन्द चौहान ने त्वरित रूप से एसएसपी एटा को इस घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की । साथ ही जिला गौरक्षा प्रमुख अतुल भदौरिया ने प्रशासन से अनुरोध किया की शासन की मंशा के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर खेत के तारों में करंट दौड़ाने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए जागरूक किया जाए ना मानने वालों पर कार्यवाही की जाए एवं किसानों से अपील की वह अपने खेतों में ब्लेड की तरह धार वाले तारों का इस्तेमाल ना करें जिस से गौवंश चोटिल ना हो।

# नेपाली नागरिक फर्जी दस्तावेज के सहारे बन रहा भारत का नागरिक

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव



श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा के निवासी सुंदरलाल वर्मा पुत्र लाल बहादुर वर्मा ने आरोप लगाया कि मेरे चाचा अमिरका प्रसाद पुत्र संतराम वर्मा लगभग 70 वर्षों से भारत से छोड़कर नेपाल राज्य में रत्नापुर गुलरिहा जिला बर्दिया में रह रहे है। उनकी मृत्यु के बाद उनके लड़के विजय कुमार वर्मा पुत्र अमेरिका प्रसाद ने तहसील मेहीपुरवा में फर्जी आधार दस्तावेज के सहारे नया पुरवा गांव दिखाकर एसडीएम से निवास प्रमाण पत्र जारी कर लिया है जबकि इनका भारत में कोई मकान नया पुरवा में नहीं बना हुआ है लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की मिली भगत के का फर्जी रिपोर्ट लगा दिया गया और इनका निवास जारी कर दिया गया जबकि यह नेपाल राज्य में नागरिकता भी है और यह इलेक्शन भी वहां लड़ चुके हैं जो जमीन लाल बहादुर के नाम से है उसे जमीन में हिस्सा लेना चाहते हैं जबकि काफी दिनों से नेपाल के नागरिक हैं और जमीन को बेचना भी चाहते हैं इस संबंध में सुंदर लाल वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री शासन उत्तर प्रदेश लखनऊ जिला अधिकारी जनपद बहराइच, उप जिला अधिकारी मेंहीपुरवा, जनपद बहराइच को प्रार्थना पत्र भेज कर इनका निवास प्रमाण पत्र खारिज करने की मांग किया है और दस्तावेज की जांच कर कर रिपोर्ट दर्ज करने की भी मांग किया है जबकि जमुनहा तहसीलदार के द्वारा उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर जमीन को विपक्षी के नाम वरासत कर दिया है बिपक्षी अब उसे जमीन का बैनामा बिक्री कर रहा है इस संबंध में सब रजिस्टार तहसील जमुनहा को प्रार्थना पत्र देकर फर्जी दस्तावेज के आधार पर बैनामा को रोके जाने के संबंध में कार्यवाही की मांग किया है

# सशस्त्र सीमा बल और नेपाल APF ने किया संयुक्त गश्त

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल




श्रावस्ती रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा के नेतृत्व में नेपाल ए.पी.एफ. के साथ संयुक्त गश्त का आयोजन किया इस दौरान रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट एवं ई' समवाय सोनपथरी प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ के साथ अन्य जवान और नेपाल क्षत्र से वरिष्ठ मुख्य आरक्षी वीर बहादुर बुढा के साथ अन्य जवानो के द्वारा भारत-नेपाल अन्तराष्ट्रीय सीमा पर सीमा स्तम्भ संख्या 618 से 619 तक संयुक्त गश्त किया गया 7 इस संयुक्त गश्त का मुख्य उद्देश्य सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों जैसे अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी, जंगली -जीव जंतुओं तस्करी , नकली मुद्रा, अवैध हथियारों की तस्करी, आदि को रोकना और सीमा पर होने वाले अतिक्रमण को रोकते हुए सीमा स्तंभों की सुरक्षा करना है 7 इस मौके पर ई' समवाय सोनपथरी प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ के साथ उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह व् अन्य जवान और नेपाल क्षत्र से वरिष्ठ मुख्य आरक्षी वीर बहादुर बुढा के साथ मुख्य आरक्षी राम बहादुर रोका, रामनाथ राना व् अन्य उपस्थित रहे 7

# अपने घर से मजदूरी करने गया लड़का दुकान से गायब

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



थाना थाना क्षेत्र हरदत्तनगरर गिरंट के ग्राम पंचायत तिवारी गांव के निवासी अरविंद कुमार पुत्र त्रिभुवन प्रसाद आयु 14 वर्ष लंबाई 4 फुट रंग सांवला घर से मजदूरी करने के लिए 18/ 11/ 2023 /को सुबह नेपालगंज निवासी पीर अली पुत्र बकरीद के चिकन सोरमा के दुकान पर मजदूरी करने के लिए गया था और वहीं से लापता हो गया है जिसकी खोजबीन परिजन ने काफी किया अभी तक पता नहीं चल सका इसके माता-पिता काफी परेशान हैं इस संबंध में बड़े भाई ने नेपालगंज थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है

# 7 से 10 दिसम्बर तक एटा में होने वाला पुस्तक मेला अभूतपूर्व होगा-ज्ञानेन्द्र रावत

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

